ना झटको शीश से गंगा हमारी गौरा भीग जाएगी

ना झटको शीश से गंगा हमारी गौरा भीग जाएगी,
तुम्हारा कुछ ना बिगड़े हमारी गौरा रूठ जाएगी,

भोले के जटो में गंगा गौरा के माथे की बिंदिया,
यह दोनों एक हो जाये नज़ारा हम भी देखेंगे,
ना झटको........

भोले के गले में नाग गौरा के गले में हार,
यह दोनों एक हो जाये नज़ारा हम भी देखेंगे,
ना झटको........

भोले के हाथो में डमरू गौरा के हाथो की मेहँदी,
यह दोनों एक हो जाये नज़ारा हम भी देखेंगे,
ना झटको.......

भोले के संग में गौरा गौरा के गोद गणपत,
यह तीनो एक हो जाये नज़ारा हम भी देखेंगे,
ना झटको.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/3172/title/naa-jhatko-shesh-se-ganga-hamari-gora-bheg-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |